
## पिता से खूब मार खाते थे रवि किशन : जान लेने पर उतारू हो जाते थे; एक बार मां ने कहा- भाग जाओ



सांसद और एक्टर रवि किशन ने पिता के साथ अपने रिश्तों पर बात की है। रवि किशन ने कहा कि उनके पिता नहीं चाहते थे कि वे एक्टर बनें। वे एक पुजारी थे। चाहते थे कि बेटा या फिर किसानी करे या सरकारी नौकरी निकाले। हालांकि रवि किशन का मन एक्टिंग और डांसिंग में लगता था। एक बार रवि किशन रामलीला में परफॉर्म करने चले गए। जब यह बात पिता को पता चली तो उन्होंने बेटे को खूब मारा। रवि किशन ने कहा कि उनके पिता एक साधु संत आदमी थे, उनके अंदर संवेदना औरों के मुकाबले कम थी। इसलिए वो इतना नाराज हो गए थे कि बेटे का खून भी कर सकते थे। हालांकि समय के साथ जब रवि किशन सफल हुए तो उनके पिता सबसे ज्यादा खुश हुए।

### पिता की मार ने 17 साल की उम्र में घर छुड़ा दिया

ब्रूट के साथ इंटरव्यू में रवि किशन ने कहा- मेरे पिता के गुस्सैल स्वभाव के कारण मुझे 17 साल की उम्र में ही घर छोड़ना पड़ा। वे मुझे खूब मारा करते थे। माता जी को पता था कि उनके पति बहुत क्रोधित स्वभाव के हैं। उन्होंने मुझसे कहा कि बेटा भाग जाओ। इसके बाद जेब में 500 रुपए रखकर मैं घर से मुंबई की तरफ निकला पड़ा।

### पिता चाहते थे रवि किशन पुजारी बन जाएं

रवि किशन ने आगे कहा- मेरे पिता साधु-संत टाइप आदमी थे। वे चाहते थे कि मैं सरकारी नौकरी करूं। किसानी करू लूं या ये भी न हो पाए तो अंत में पुजारी बन जाऊं। बस मुझे एक्टर के तौर पर देखना उन्हें किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं था। मुझे रामलीला में सीता का रोल करते देख उन्हें बहुत गुस्सा आया था। वो मुझे मारा करते थे और मैं उस मार से कुछ न कुछ सीखता रहता था। उनकी पिटाई की ही देन है कि मैं एक्टर बन पाया।

### मरते वक्त पिता की आंखों में आंसू थे

रवि किशन जब एक्टर बन गए और पैसे कमाने लगे तो उनके पिता का नजरिया बदल गया। रवि किशन ने कहा- जब पिताजी अंतिम सांस गिन रहे थे तो उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने मुझे कहा कि तुम हमारे गौरव हो। बचपन से ही एक चीज मेरे दिमाग में क्लियर था, कि मुझे अजनबी मौत नहीं मरना है। हर इंसान एक मकसद के साथ पैदा होता है। मुझे मेरे मकसद ने ही रवि किशन बनाया है। बता दें कि रवि किशन इन दिनों अपनी लेटेस्ट फिल्म लापता लेडीज की वजह से सुर्खियों में हैं।

## तीनों खान एक साथ फिल्म करना चाहते हैं : बर्थडे पर आमिर ने किया खुलासा, बोले- सही कहानी मिलने का इंतजार है

आमिर खान अपना 59वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे है। इस दौरान वो इंस्टाग्राम लाइव सेशन के जरिए फैंस से मुखातिब हुए। यहां एक फैन ने शाहरुख और सलमान खान के साथ मिलकर काम करने पर सवाल किया। इस पर आमिर ने जवाब दिया कि वो तीनों भी एक साथ फिल्म करने को तैयार हैं।

### आमिर बोले- हम तीनों को सही स्क्रिप्ट की तलाश है

आमिर ने कहा कि उन तीनों ने इस मुद्दे पर बात की है। तीनों को लगता है कि फैंस के लिए उन्हें एक साथ फिल्म जरूर बनानी चाहिए। इस बारे में आमिर ने आगे कहा- मुझे भी लगता है कि हम तीनों को एक साथ एक फिल्म में काम करना चाहिए। मैं, सलमान और शाहरुख ने इस बारे में बात की है कि अपने करियर में हम तीनों को एक साथ फिल्म करने की कोशिश जरूर करनी चाहिए। हालांकि देखते हैं कि आगे क्या होता है। मुझे उम्मीद है कि जब हमें एक अच्छी कहानी मिलेगी, तो हम साथ जरूर दिखेंगे। मुझे लगता है कि हम तीनों एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। अब काफी समय हो गया है, लेकिन इसके लिए हमें सही समय जरूर चाहिए।

आमिर, शाहरुख और सलमान 30 साल से फिल्मों का हिस्सा हैं। लीड रोल तो नहीं लेकिन इन सभी ने एक दूसरे की फिल्मों में कैमियो किया है। वहीं, आमिर और सलमान ने फिल्म अंदाज अपना अपना में साथ काम किया है। लेकिन शाहरुख और आमिर ने कभी किसी फिल्म में एक साथ लीड रोल नहीं प्ले किया है। शाहरुख ने आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा में कैमियो किया था।



**राजकुमार संतोषी फिल्म अंदाज अपना अपना 2 की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे**-इसी लाइव सेशन के दौरान आमिर ने बताया कि राजकुमार संतोषी फिल्म अंदाज अपना अपना 2 की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा- मुझे अभी पता चला है कि राजकुमार संतोषी अंदाज अपना-अपना की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। यह हालिया खबर है। मुझे खुशी है कि वह इसके बारे में सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए और दर्शकों के देखने के लिए एक बेहतरीन फिल्म होगी।

## ईशा- बुल्गारी की रोमन होली बैश थीम:शिल्पा शेट्टी ग्लैमरस लुक में दिखीं; प्रियंका चोपड़ा, आयुष्मान खुराना, अथिया शेट्टी भी आए नजर

बीती शाम ईशा अंबानी और बुल्गारी ने ए रोमन होली बैश थीम रखी। ये पार्टी अंबानी के घर एंटीलिया में हुई। इस मौके पर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज को स्पॉट किया गया, जहां ईशा अंबानी कलरफुल गाउन में नजर आईं।

### होली बैश में बॉलीवुड सेलेब्स शामिल हुए

शिल्पा शेट्टी इस होली पार्टी में ग्रीन को-ऑर्ड सेट और ऊपर से एक फ्लोरल प्रिंटेड लॉन्ग ओवरकोट पहने दिखीं। प्रियंका चोपड़ा पीच स्लिट साड़ी में नजर आईं। आयुष्मान खुराना, अदिति राव हैदरी, शरवरी वाघ और ओरी भी दिखे। बता दें, अदिति राव हैदरी जल्द ही संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में नजर आएंगी। इस सीरीज से फिल्ममेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं।

## एक डॉक्टर ने सामंथा पर लगाया आरोप : कहा- एक्ट्रेस ने 33 मिलियन लोगों को मिसलीड किया, लिवर डिटॉक्स के बारे में गलत जानकारी दी

साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु पर सोशल मीडिया पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया जा रहा है। दरअसल, कुछ दिनों पहले सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में एक्ट्रेस एक मेडिकल एक्सपर्ट के साथ लिवर डिटॉक्स के बारे में जानकारी देते हुए दिखाई दीं। वीडियो में उन्होंने बताया कि लिवर डीटॉक्स के लिए डेंडिलियन रूट्स कितना सही है। वो डेंडिलियन रूट्स से बनी चाय पीने की सलाह दे रही हैं।

वहीं इसी पोस्ट पर द लिवर डॉक नाम के हैंडल से जवाब दिया गया है और बताया है कि एक्ट्रेस कैसे अपने करोड़ों फॉलोअर्स को गुमराह कर रही हैं। बता दें कि सामंथा पर अपने 33 मिलियन यूजर्स को मिसलीड करने का आरोप लगा है।

### द लिवर डॉक नाम के अकाउंट से कमेंट किया गया

द लिवर डॉक ने इस पोस्ट पर लिखा है- सामंथा रुथ प्रभु, एक फिल्म स्टार हैं, जो लिवर को डिटॉक्स करने के बारे में 33 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स को गुमराह कर रही हैं और गलत जानकारी दे रही हैं। इनके पॉडकास्ट में एक अनपढ़ और रैंडम हेल्थ वेलनेस कोच और परफॉर्मेंस न्यूट्रिशनिस्ट भी शामिल हैं, जिन्हें बिल्कुल भी पता नहीं है कि इंसानों का शरीर कैसे काम करता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बड़ा पोस्ट शेयर किया है। सामंथा ने लिखा कि डेंडिलियन, एक ऐसी सब्जी है, इसे कभी-कभी हरे सलाद के रूप में उपयोग किया जाता है। लगभग 100 ग्राम डेंडिलियन आपकी डेली पोटेशियम जरूरतों का लगभग 10-15% प्रदान करता है।



### मायोसाइटिस नाम की बीमारी से चर्चा में थीं सामंथा

पिछले साल सामंथा मायोसाइटिस नाम की बीमारी के चलते चर्चा में थीं। सामंथा रुथ प्रभु ने खुद बताया था कि वो मायोसाइटिस नाम की बीमारी से पीड़ित हैं जो एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जो शरीर में मसल्स को कमजोर बना देती है। बताया जाता है कि इस बीमारी की वजह से बॉडी मसल्स में दर्द रहता है और इसका कोई सटीक इलाज नहीं है, इसके लिए एक हेल्दी लाइफस्टाइल की जरूरत होती है।

### सामंथा रुथ प्रभु के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

सामंथा रुथ प्रभु को आखिरी बार रोमांटिक ड्रामा फिल्म खुशी में देखा गया था, जिसमें विजय देवरकोंडा लीड रोल में थे। सामंथा की अपकमिंग फिल्म सिटाडेल है, जिसमें वरुण धवन उनके साथ लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन राज और डीके ने किया है।

## मौसमी चटर्जी ने जया बच्चन पर किया कटाक्ष : पैपराजी को पोज देते वक्त बोलीं- मैं उनसे कहीं ज्यादा बेहतर हूं, याद रखना



मौसमी चटर्जी हाल ही में एक इवेंट के दौरान जया बच्चन पर तंज कसती नजर आईं। उन्होंने पैपराजी को मुस्कुराते हुए पोज दिया और खुद को जया बच्चन से बेहतर भी कहा।

### जया बच्चन अक्सर पैपराजी से नाराज नजर आती हैं

जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर गुस्सा करती स्पॉट की जाती हैं। वेटरन एक्ट्रेस जब भी पब्लिक अपीयरेंस देती हैं, तो पैपराजी को देखकर भड़क जाती हैं। जया बच्चन के कई ऐसे वीडियोज भी सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हुए हैं। दरअसल मौसमी चटर्जी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचीं। वहां मौजूद पैपराजी को देखकर वो थोड़ा भड़क गईं। इस पर किसी ने उनकी तुलना जया बच्चन से कर दी। बस फिर मौसमी चटर्जी ने जया बच्चन पर तंज कसते हुए कहा- मैं जया बच्चन से कहीं ज्यादा बेहतर हूं। याद रखना। आप लोग नहीं होते तो हम कहां होते।

### मौसमी चटर्जी और जया बच्चन के बीच तकरार की वजह

कुछ समय पहले एक इंटरव्यू के दौरान मौसमी चटर्जी ने एक किस्सा शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि कैसे गुलजार के डायरेक्शन में बनी फिल्म कोशिश में जया बच्चन ने उन्हें रिप्लेस कर दिया था। मौसमी चटर्जी ने साझा किया- मैंने तीन दिनों तक फिल्म की शूटिंग की। मैं देख सकती थी कि उन तीन दिनों में क्या-क्या हेरफेर किए गए थे। उस दौरान जया बच्चन की सेक्रेटरी सुबह से रात तक ऑफिस में ही रहती थी। अचानक से गुलजार ने, जो मेरी सास को उर्दू पढ़ाते थे, बोले- तुम्हें कल से लेकर देर रात तक शूटिंग करनी है। उस वक्त मेरा बच्चा हुआ था। इसलिए मैंने कहा- मैं नहीं कर सकती, मेरे घर पर एक बच्चा है। मैं केवल एक शिफ्ट में शूटिंग कर सकती हूं। ये सुनकर फिर उन्होंने सबके सामने कहा- आप जानती हैं कि उस स्थान को लेने के लिए बहुत सारी एक्ट्रेसेस कतार में हैं। मैं उत्तेजित हो गई और मैंने कहा- फिर उन्हें ही ले लो।

## होली के मौके पर अपने परिवार के साथ देखें ये फिल्में

होली के जश्न को दोगुना करने के लिए आप अपने साथ समय व्यतीत करना चाहती हैं और इस पल को और भी खास बनाना चाहती हैं, तो ओटीटी पर मौजूद कई फिल्मों को देख सकती हैं। होली के खास मौके पर रंगों के साथ-साथ पारिवारिक, कॉमेडी जैसी फिल्मों को देखकर परिवार के साथ त्योहार का मजा उठा सकती हैं।



### गोलियों की रास लीली राम-लीला

होली के मौके पर आप परिवार के साथ बैठकर रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म गोलियों की रासलीला-राम लीला को देख सकती हैं। बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होते ही इस फिल्म धमाल मचा दिया था। रणवीर और दीपिका के बीच केमिस्ट्री को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया था। राम-लीला फिल्म में आपको रंग, गुलाल और होली के माहौल के संगम को देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही इस फिल्म में आपको सुख और दुख दोनों किरदार में जीती हुई लव स्टोरी देखने को मिलेगी। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जिओ सिनेमा और एमेक्स प्लेयर दोनों पर देख सकती हैं।

### ये जवानी है दीवानी

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी होली के मौके पर देखी जाने वाली फिल्मों में से एक है। फिल्म के साथ-साथ इसमें मौजूद गानों को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया था। होली के मौके पर इस फिल्म का गाना बलम पिचकारी जरूर प्ले किया जाता है। ऐसे में आप होली के मौके को खास बनाने के लिए इस फिल्म को जरूर देखें। ये जवानी है दीवानी को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकती हैं।

### गुलमोहर

**मनोज बाजपेयी और लिजेंड्री एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर की फिल्म गुलमोहर हाल ही में रिलीज हुई है। यह फिल्म फैमिली ड्रामा पर बेस्ड है। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकती हैं। गुलमोहर फिल्म होली के पर्व को खास बनाने में मददगार साबित हो सकती है।**

### रांझणा

**साउथ एक्टर धनुष की फिल्म रांझणा को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में सोनम कपूर, स्वरा भास्कर, अभय देओल जैसे कलाकारों ने अपना अभिनय दिखाया है। रांझणा फिल्म एक लव स्टोरी है। यह फिल्म साल 2013 में बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकती हैं।**

### नदिया के पार

**इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकती हैं। नदिया के पार फिल्म साल 1982 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में आप होली के दृश्य को अपने परिवार के साथ बैठकर देख सकती हैं। इस फिल्म में साधना सिंह, सचिन, इनदर ठाकुर, लीला मिश्रा, शीला डेविड, मिताली जैसे अभिनेता ने काम किया है।**

## फैशन वीक के तीसरे दिन कृति सेनन ने किया वॉक : सबा आजाद ने डिस्को-फंक परफॉर्मेंस दी, मेधा शंकर ने किया रैंप डेब्यू

लैक्मे फैशन वीक 2024 के तीसरे दिन कृति सेनन ने रैंप वॉक किया। इस दौरान कृति स्पोर्ट्स प्रिंट वाली स्किन फिट ड्रेस पहने नजर आईं। 12वीं फेल फेम एक्ट्रेस मेधा शंकर ने भी रैंप वॉक किया। मेधा गोल्डन गाउन पहने दिखाई दीं। बता दें मेधा ने गीशा डिजाइन्स के लिए शोस्टॉपर के रूप में अपना रैंप डेब्यू किया। ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने इमाद शाह के साथ स्टेज पर डिस्को-फंक परफॉर्मेंस दी। उन्हें पहले भी फैशन इवेंट में गाना गाते हुए देखा गया है। सबा ज्यादातर इंग्लिश सॉन्ग गाती दिखाई देती हैं। इनके अलावा एक्ट्रेस और मॉडल कल्कि कोचलिन ने भी ग्लैमरस रैंप वॉक किया। बता दें, इस इवेंट में कई एक्ट्रेसेस और मॉडल्स रैंप पर उतरीं।

## कार्तिक आर्यन ने खरीदी नई कार, कीमत 6 करोड़ रुपए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा- हमारी रेंज थोड़ी सी बढ़ गई

कार्तिक आर्यन ने अपने कार कलेक्शन में एक नई कार शामिल कर ली है। बीते गुरुवार उन्होंने रेंज रोवर एसयूवी खरीदी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस कार की कीमत 6 करोड़ रुपए बताई जा रही है। नई कार खरीदने की जानकारी कार्तिक ने खुद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वो पेट डॉग कटोरी के साथ कार की डिग्गी में लेटे हुए नजर आए। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है- हमारी रेंज थोड़ी सी बढ़ गई। कार्तिक के इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने कमेंट कर बधाई दी है। सोनू के टीटू की स्वीटी में कार्तिक के को-स्टार सनी सिंह ने लिखा- चल सागर चाइनीज फिर। बता दें, यह कार्तिक का फेवरेट स्ट्रीट फूड प्लेस है। कबीर खान जो कार्तिक के साथ चंदू चैंपियन में काम कर रहे हैं, उन्होंने लिखा- ग्रेट च्वाइस चंदू। कार्तिक की पहली फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया था, इसके बावजूद भी उनके पास रेड कार्पेट इवेंट में जाने के लिए खुद की कार नहीं थीं।

जी हां, कार्तिक ने एक इंटरव्यू में बताया था कि पहली 2 फिल्म के बाद उन्होंने एक कार खरीदी थी, वो भी थर्ड हैंड, जिसकी कीमत 60 हजार रुपए थी। उस कार के डोर में प्रॉब्लम भी थी, इसके बावजूद उन्होंने ये कार ली क्योंकि रेड कार्पेट इवेंट में कार्तिक को ऑटो में, बाइक पर या लोगों से लिफ्ट लेकर जाना पड़ता था। जहां एक समय लोगों से लिफ्ट मांग कर या थर्ड हैंड कार से कार्तिक आर्यन को किसी भी इवेंट में जाना पड़ता था, वहीं अब उनके पास कई लग्जरी गाड़ियों का कलेक्शन है। कार्तिक की आखिरी फिल्म सत्यप्रेम की कथा रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन शेयर किया था। वहीं, उन्होंने फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में कैमियो किया था। आने वाले दिनों में वो कबीर खान की स्पोर्ट फिल्म चंदू चैंपियन में देखे जाएंगे। वहीं, इन दिनों कार्तिक फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर चर्चा में बन हुए हैं। कार्तिक ने इस फिल्म की शूटिंग की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर भी शेयर की थीं। इस फिल्म में वो पहली बार तृप्ती डिमरी के साथ दिखाई देंगे। कुछ समय पहले यह खबर भी सामने आई थी कि कार्तिक फिल्म आशिकी 3 में दिखाई देंगे, लेकिन यह फिल्म बनने से पहले ही ठंडे बस्ते में जा गिरी।



## सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'योद्धा' की बॉक्स ऑफिस पर खराब शुरुआत पहले दिन सिर्फ 4.10 करोड़ का कलेक्शन

सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा की बॉक्स ऑफिस पर कमजोर शुरुआत हुई है। फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 4.10 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इससे बेहतर कलेक्शन अजय देवगन की फिल्म शैतान का है। शैतान ने रिलीज के दूसरे शुक्रवार को 5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इस तरह फिल्म की टोटल कमाई 84.8 करोड़ रुपए हो गई है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की पिछली दो फिल्मों का फर्स्ट डे कलेक्शन योद्धा से बेहतर था। 2022 में रिलीज हुई थैंक गॉड ने 8.10 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। वहीं 2019 में रिलीज हुई फिल्म मरजावां ने 7.03 करोड़ रुपए का फर्स्ट डे कलेक्शन किया था। योद्धा को ऑडियंस और क्रिटिक्स दोनों का मिक्स रिस्पॉन्स मिल रहा है, फिर भी फिल्म की पहले दिन की कमाई निराशाजनक है। शेरशाह के बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बार फिर से आर्मी ऑफिसर के रोल में जंचे हैं। उनका इंटेंस अवतार लोगों को पसंद आएगा।



फिल्म की शुरुआत एक प्लेन हाईजैक के सीक्वेंस से होती है। टास्क फोर्स (योद्धा) का कमांडर अरुण कटियाल ( सिद्धार्थ मल्होत्रा) भी प्लेन में मौजूद रहता है। अरुण कटियाल इस प्लेन हाईजैक को कंट्रोल करने में नाकाम साबित होता है। अरुण और उसके साथियों को सस्पेंड कर दिया जाता है। टास्क फोर्स योद्धा को भी बंद कर दिया जाता है। इस घटना से अरुण काफी टूट जाता है, जिसका प्रभाव उनकी पर्सनल लाइफ में भी दिखाई देता है। कहानी इसी तरह आगे बढ़ती है। एक बार फिर प्लेन हाईजैक होता है। अरुण कटियाल इस बार भी प्लेन में मौजूद रहता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक एवं मालिक धर्मपाल सिंह द्वारा 34,0, उपाध्याय नगर ग्राम मुक्तेश्वर हापुड से प्रकाशित एवं हापुड न्यूज एंड प्रिंटिंग कंपनी, अशोक नगर शामपुर रोड हापुड, उत्तर प्रदेश से मुद्रित UPHIN/2023/51292, संपादक धर्मपाल सिंह, सभी न्याय क्षेत्र का हापुड न्यायालय होगा। संपर्क :- .9411953491, E-mail: tejyugnews@gmail.com, (इसमें छपे लेख, लेखकों के निजी विचार हैं। सम्पादक का इन लेखकों के विचारों से सहमत होना अनिवार्य नहीं है।)